संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, मंगलवार, 31 अक्टूबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 291 पृष्ठः 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com **उत्तराखण्ड संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी सिसोदिया प्रकरण पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करती हुई।

## शराब घोटालाः सिसोदिया को सुप्रीम झटका

= शराब घोटाला केस में जमानत याचिका खारिज, कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट को छह से आठ महीने में सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए

**मामला गंभीर**

**8 नियमित जमानत की अपीलें यह कहकर खारिज की मामले में अस्थायी तौर पर 338 करोड़ रुपये के हस्तांतरण की पुष्टि हुई है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट को छह से आठ महीने में सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने नियमित जमानत की अपीलें यह कहकर खारिज कर दी कि मामले में अस्थायी तौर पर 338 करोड़ रुपये के हस्तांतरण की पुष्टि हुई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि उसने जांच एजेंसियों के

### कोर्ट ने पहले ही सुरक्षित रख लिया था फैसला

17 अक्तूबर को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भाटी की पीठ ने सीबीआई और ईडी की ओर से पेश उनके वकील अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को सुनने के बाद सिसोदिया की दो अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा था। बता दें कि सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों द्वारा जांच की जा रही उत्पाद नीति मामलों में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्होंने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। जांच एजेंसियों (ईडी और सीबीआई) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अदालत को बताया था कि मुकदमा 9 से 12 महीने के भीतर समाप्त हो सकता है।

### 26 फरवरी को गिरफ्तारी, कैबिनेट से इस्तीफा

**सिसोदिया** को 26 फरवरी को 'घोटाले' में उनकी कथित भूमिका के लिए सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। तब से वह हिरासत में हैं। ईडी ने तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ के बाद 9 मार्च को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने 28 फरवरी को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

## सतर्कता विभाग में 103 नये पद सृजित किये जायेंगेः सीएम धामी



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** ने 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक चलने वाले सतर्कता सप्ताह के अन्तर्गत भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जाए। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि सतर्कता विभाग में 103 नये पद सृजित किये जायेंगे। सतर्कता विभाग की कार्यप्रणाली को प्रभावी रूप से और बेहतर बनाने के लिए सर्विलांस व तकनीक विशेषज्ञों की टीम का गठन किया जायेगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भ्रष्टाचार पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं।



अमेठी के एक कार्यक्रम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी।

## उद्यमी आश्वस्त होकर यूपी में करें निवेशः सीएम योगी



**आह्वान**

**8 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी में दक्षिण पश्चिम एशिया के सबसे बड़े बेवरेज प्लांट का किया उद्घाटन**

**टीम एक्शन इंडिया/अमेठी**
**2018 में** पहले निवेशक सम्मेलन के वक्त जब दो लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया, तो लोग हमारे निर्णय पर हंसते थे। देशभर के उद्यमी यूपी में निवेश के नाम से कतराते थे। मगर आज उत्तर प्रदेश में अबतक 38 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। उद्यमी केवल निवेश की गारंटी लें, पूंजी और उनकी सुरक्षा की गारंटी सरकार की होगी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां दक्षिण पश्चिम एशिया के सबसे बड़े बेवरेज प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले सीएम योगी ने एसएलएमजी बेवरेज प्रा लि के प्लांट का अवलोकन किया। उन्होंने प्लांट के विभिन्न वर्कशॉप में जाकर बॉटलिंग प्रॉसेस की कार्यप्रणाली को भी जाना।

**यूपी देश में निवेश का सबसे अच्छा डेस्टिनेशनः** उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये बॉटलिंग प्लांट प्रदेश सरकार के निवेश की उस पॉलिसी का हिस्सा है, जो प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने निवेश, रोजगार और बेहतरीन औद्योगीक वातावरण देने के लिए प्रारंभ किया है। डबल इंजन की सरकार आने के बाद यूपी देश के अंदर निवेश के सबसे अच्छे डेस्टिनेशन के रूप पहचान बना रहा है। आज देश के अलग अलग हिस्से के उद्यमी यूपी में निवेश के लिए इच्छुक हैं। यूपी में निवेश और सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की गई है। 2018 में हमें पौने पांच लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव मिला था। ठीक पांच साल बाद इस साल फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए अबतक 38 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसके लिए सरकार ने बहुत से रिफॉर्म किये।

## टाटा मोटर्स को 766 करोड़ मुआवजा देगी बंगाल सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
पश्चिम बंगाल सरकार को सिंगूर में टाटा मोटर्स की नैनो फैक्ट्री को बंद करने के लिए कंपनी को सितंबर 2016 से 11 प्रतिशत ब्याज के साथ 765.78 करोड़ रुपये की बड़ी राशि का भुगतान करना होगा। तीन सदस्यीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण से सोमवार को कंपनी के पक्ष में सर्वसम्मति से फैसला आया। टाटा मोटर्स ने सोमवार को कहा कि एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम को सिंगूर में उसके मैन्युफेक्चरिंग साइट (विनिर्माण स्थल) पर हुए नुकसान के संबंध में कंपनी को 766 करोड़ रुपये का मुआवजा देने को कहा है। भूमि विवाद के कारण अक्तूबर 2008 में टाटा मोटर्स को छोटी कार नैनो का उत्पादन करने के लिए अपने प्लांट को पश्चिम बंगाल के सिंगुर से गुजरात के साणंद में स्थानांतरित करना पड़ा।



# नदियों में चेक डैम के लिए मास्टर प्लान बनाने सहित 30 प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
**धामी** मंत्रिमंडल में वन, ऊर्जा, शहरी,पर्यटन, ग्राम्य विकास,गन्ना विकास, वित्त के अलावा जल संरक्षण के लिए नदियों में चेक डैम के लिए मास्टर प्लान बनाने सहित 30 प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया। सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक एपीजे अब्दुल कलाम, चतुर्थ तल सभागार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन पर सचिवालय में कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रिमंडल की ओर से दो मिनट का मौन रखकर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मंत्रिमंडल की



बैठक के संबंध में मुख्य सचिव एसएस संधू ने ब्रीफिंग की। मंत्रिमंडल की बैठक खत्म होने के बाद मुख्य सचिव ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा के तहत आईटीआई करने वाले छात्र को अब केवल 10वीं हिंदी का परीक्षा देकर उसे 10वीं और 12वीं पास मान लिया जाएगा। योग प्रशिक्षण देने वालों को योगा ट्रेनर आउटसोर्स के माध्यम से लगाए जाएंगे 300 रुपये प्रति घंटे मिलेंगे 123 युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। महीने में 18 हजार रुपये से अधिकतम नहीं मिलेगा। जल निगम विभाग के तहत जल

**निर्णय**

**8 मंत्रिमंडल की बैठक एपीजे अब्दुल कलाम, चतुर्थ तल सभागार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई**

संरक्षण के लिए सरकार काम करेगी। राज्य के जल स्त्रोतों को स्टोर किया जाएगा। इसके लिए पूरे प्रदेश नदियों के जलस्त्रोत एकत्र करने के लिए चेक डैम के लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा। शहरी विकास विभाग के अंतर्गत मुनि की रेती ढालवाला को श्रेणी एक में करने का निर्णय लिया गया। ऊर्जा विभाग में एडीपी के प्रोजेक्ट को यूपीसीएल और पिटकुल करेगा, जिसके लिए 26 पद स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम विकास में सहायक लेखाकार के पदों 70 से 240 होंगे। विभाग में कुल 350 पद रहेंगे। 280 लेखाकार को 110 किया गया है। राजाजी टाइगर रिजर्व कंजर्वेशन फाउंडेशन को बनाने के अलावा पर्यटन नीति 2023 में संशोधन कर सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया। गन्ना विकास में खंड सारी नीति को 01 वर्ष के लिए लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री मत्स्य योजना की तर्ज पर मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना को दी गई मंजूरी।

# 'देश की स्वतंत्रता, स्वाभिमान और आत्मगौरव का प्रतीक है खादी'

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार।**
**भारत** सरकार 16 से 31 अक्टूबर के बीच खादी महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। इसी कड़ी में पतंजलि विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई ने खादी महोत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के यशस्वी प्रति कुलपति डॉ. महावीर अग्रवाल ने खादी महोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के इतिहास में खादी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देश की स्वतंत्रता, स्वाभिमान, आत्मगौरव का जीवन प्रमाण है। भयानक विभीषिका से जूझ रहा विश्व भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है।

**महोत्सव**

**8 इसी कड़ी में पतंजलि विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई ने खादी महोत्सव का आयोजन किया**

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी परमार्थदेव ने खादी महोत्सव के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए बताया कि पूज्य स्वामी रामदेव जी ने स्वदेशी को पूरे भारत में स्थापित किया। अतः हम आत्मनिर्भर बनें, खादी को अधिक-से-अधिक बढ़ावा दें और विदेशी वस्तुओं की चकाचौंध में न खोएं। कार्यक्रम के अन्तर्गत निबन्ध लेखन, प्रश्नोत्तरी, स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागी कैडेटस को मेडल एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. प्रवीण पुनिया, संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण, डॉ. बिपिन दूबे, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अरविन्द सिंह, योग विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. ओमनारायण तिवारी, डॉ. वैशाली गौड़ा, डॉ. शिल्पा, डॉ. कपिल शास्त्री, श्री सन्दीप माणिपुरी, डॉ. अंकुर, आचार्य गौतम, डॉ. भागीरथी, डॉ. अन्जू त्यागी आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शिव कुमार और संचालन डॉ. निवेदिता शर्मा ने किया।

# स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए सरकार कटिबद्ध

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**राज्य** के हर व्यक्ति को स्वस्थ रखना और सभी तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार इसके लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। सोमवार को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने एन.एच.एम. के अंतर्गत संचालित सभी कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक के दौरान कही। भट्ट की ओर से उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के पश्चात आयोजित प्रथम बैठक में प्रदेश में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उपाध्यक्ष ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं आम जनमानस की भावनाओं से जुड़ा विषय है, जिसका संपादन केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अति आवश्यक हो जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड से जुड़कर "मैं एक सहयोगी के नाते काम करूंगा व मेरे ओर से एन.एच.एम. को संपूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एक महत्वपूर्ण कड़ी है। समीक्षा बैठक में प्रदेश में राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन सभी अधिकारियों व कार्मिकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गये।सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। अस्पतालों को लगातार



अपग्रेड किया जा रहा है ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। बैठक में प्रस्तुतिकरण के दौरान उन्होंने प्रदेश में संचालित सभी कार्यक्रमों को विस्तारपूर्ण जाना और संबंधित अधिकारियों व कार्मिकों को विभिन्न जन कल्याणकारियों नीतियों को धरातल में अमल करने पर उचित दिशा-निर्देश दिए।

**अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ -** सुरेश भट्ट ने बताया कि सरकार की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रम जिनमें टी.बी उन्मूलन, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, गैर संचारी रोगों की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर और अधिक कार्य करने की जरूरत है, जिससे प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिल सके। बैठक के दौरान देशभर में संचालित सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत उपाध्यक्ष की ओर से एन.एच.एम. अधिकारियों व कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा भी दिलाई। उन्होंने कहा हम सब समर्पित होकर कार्य करें, जिससे कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत बनें।

**शपथ**

**8 हम सब समर्पित होकर कार्य करें, जिससे कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत बनें, शपथ दिलाई**

बैठक में स्वाति एस भदौरिया मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अमनदीप कौर, अपर मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजय कुमार नगरकर, डॉ अमित शुक्ला, डॉ फरीदुजफर, डॉ पंकज सिंह, डॉ राजन अरोड़ा, डॉ मुकेश राय, डॉ अर्चना ओझा, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक महेंद्र मौर्य, राज्य लेखा प्रबंधक राम कृष्ण भट्ट आदि अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भालू के हमले में बुजुर्ग गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

**उत्तरकाशी।** जिले के विकासखंड मोरी पंवाणी गांव निवासी राय सिंह (55) पर भालू ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने घायल को दस किलोमीटर पैदल डंडी- कंडी के सहारे सड़क मार्ग तालुका पहुंचा। घटना सोमवार तड़के सुबह की जब गोविंद वन्य जीव विहार के पार्क क्षेत्र के पंवाणी गांव निवासी राय सिंह को भालू ने घायल कर दिया। घायल को डंडी, कंडी के सहारे तालुका तक लाया गया, वहां से वाहन से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी पहुंचाया है। कांग्रेस नेता राजपाल रावत ने बताया गया कि पंवाणी गांव के राय सिंह अपनी भेड़-बकरियों के साथ गांव के खेतों में चरान चुगान के लिए गए थे, जहां घात लगाए भालू ने उक्त व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया।

### पुलिसकर्मियों की पारिवारिक कलह मिटाने के लिए बनेगी समिति, हफ्ते में दो बार होगी काउंसिलिंग

**देहरादून** : उत्तराखंड पुलिस वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (उपवा) इस वक्त पुलिसकर्मियों की पारिवारिक कलह को लेकर गंभीर है। इस समस्या को हल करने के लिए तीन सदस्यों की एक समिति बनाई जाएगी। यह समिति पुलिस परिवार की सप्ताह में दो दिन की काउंसिलिंग करेगी। यह जानकारी रविवार को उपवा अध्यक्ष डॉ. अलकनंदा अशोक ने दीपावली मेले के दौरान बुलाई पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए कई और निर्णय भी लिए। डॉ. अलकनंदा अशोक ने उपवा के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की। उनके लिए सांध्याकालिक कक्षाएं चलाई जाएंगी। इसके साथ ही पुलिस की अन्य बटालियन और पुलिस लाइन में भी पुलिस माडर्न स्कूल की स्थापना कराने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों और उनके परिवार वालों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन कराने की बात भी कही। कहा कि पुलिस परिवार के जो बच्चे नशे की गिरफ्त में हैं और फोन एडिक्शन का शिकार हैं उनकी भी काउंसिलिंग होगी। उन्हें पीपीटी के माध्यम से इस नुकसान से बचाने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग अधिकारी पदों का आरक्षण रोस्टर तैयार, 1383 पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती

**देहरादून** : प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग अधिकारियों के 1383 पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू हो सकती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने खाली पदों का आरक्षण रोस्टर तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से वर्षवार मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। नर्सिंग कोर्स करने वाले प्रशिक्षित युवा लंबे समय से राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग की तर्ज पर चिकित्सा शिक्षा विभाग में एक बार के लिए वर्षवार मेरिट पर नर्सिंग अधिकारी पदों पर चयन करने के लिए शासन से शासनादेश जारी हो चुका है।

# सेवा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने को नीति में संशोधन करेगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून :**
सेवा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार नीति में संशोधन करेगी। जिसमें पर्यटन, आतिथ्य, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में निवेश करने पर प्रोत्साहन और अन्य सुविधाओं को बढ़ाया जा सकता है। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के रोड शो में निवेशकों से भी सरकार को सेवा क्षेत्र नीति में प्रोत्साहन बढ़ाने के सुझाव मिले हैं। प्रदेश सरकार ने हास्पिटल, होटल व रिजॉर्ट, वेलनेस और योगा सेंटर, उच्च शिक्षण संस्थान, फिल्म सिटी, डाटा सेंटर, आईटी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 12 सितंबर 2023 को प्रदेश की पहली सेवा क्षेत्र नीति को मंजूरी दी थी। नीति में मैदानी और पर्वतीय क्षेत्रों की श्रेणी तय कर निवेश की सीमा तय की थी। पूंजी निवेश के आधार पर निवेशकों को 25 प्रतिशत तक सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र के उद्योगों का 40 प्रतिशत योगदान है। सेवा क्षेत्र नीति में सरकार का अनुमान था कि 2030 से पहले राज्य 60 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करेगा। साथ ही 2027 तक 45 हजार करोड़ निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया था। लेकिन निवेशकों ने सेवा क्षेत्र नीति में प्रोत्साहन बढ़ाने का सुझाव दिया। इसके आधार पर सरकार नीति में संशोधन करने जा रही है।

**सुझाव**

**8 सम्मेलन के रोड शो में निवेशकों से भी सरकार को सेवा क्षेत्र नीति में प्रोत्साहन बढ़ाने के सुझाव मिले हैं**

### युवती की हत्या में दोषी को आजीवन कठोर कारावास

**रुड़की।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने एक दोषी को युवती की हत्या में आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, अभियुक्त पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न अदा न करने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। छह अगस्त 2020 को राजू निवासी गांव गढ़, कोतवाली रानीपुर हरिद्वार ने कलियर थाना पुलिस को एक तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि छह अगस्त की सुबह उनकी बेटी ममतेश उर्फ रेखा को साढ़ू का बेटा धनौरी क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री के बाहर छोड़कर चला गया था। इस बीच फैक्ट्री के बाहर नदीम निवासी गांव राजपुर, कोतवाली रानीपुर हरिद्वार आया था।

# उद्यान विभाग में हुए घोटाले के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/मसूरी :**
नैनीताल हाईकोर्ट की ओर से उद्यान विभाग में हुए घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश के बाद भी जांच न होने को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में आक्रोश है। सोमवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मसूरी में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का पुतला दहन का कार्यक्रम था। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी तो पुलिस ने उन्हें पुतला दहन से रोक दिया। इसे लेकर कार्यकताओं और पुलिस के बीच जमकर झड़प हो गई। मामला ज्यादा बढ़ने पर पुलिस पुतला छीनकर ले साथ ले गई। शहर



कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज बंद करने का काम कर रही। लोकतंत्र में भाजपा सरकार विरोध के तरीके को बंद कर रही है, जिसका जवाब आने वाले समय में जनता भाजपा को देगी। कहा कि भाजपा सरकार में उद्यान विभाग में बड़ा घोटाला हुआ, लेकिन सरकार जांच से घबरा रही है।

# दून में 90 प्रतिशत पेट्रोल पंप पर एक्सट्रा प्रीमियम है संचालित

**कीमत**

**8 कीमत छह रुपये अधिक है। जबकि एक्सट्रा प्रीमियम डालने से पहले ग्राहकों को इसके फायदे के बारे में बताना होता है**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
आयल कंपनियों के टारगेट पूरा करने के लिए पेट्रोल पंप संचालक वाहनों में जबरन एक्सट्रा प्रीमियम पेट्रोल डाल रहे हैं। सामान्य पेट्रोल से एक्सट्रा प्रीमियम की कीमत छह रुपये अधिक है। जबकि एक्सट्रा प्रीमियम डालने से पहले ग्राहकों को इसके फायदे के बारे में बताना होता है। बावजूद ग्राहक के हां कहने पर



एक्सट्रा प्रीमियम को वाहन में डालने का प्रावधान है। दरअसल, दून में 90 प्रतिशत पेट्रोल पंप एक्सट्रा प्रीमियम के संचालित हो रहे हैं। पंपों में सामान्य एवं एक्सट्रा प्रीमियम के टैंक स्थापित किए गए हैं। एचपीसीएल, बीपीसीएल, इंडियन आयल ने पंप संचालकों को एक्सट्रा प्रीमियम पेट्रोल बेचने का टारगेट दिया है। जबकि वाहन चालक आर्थिकी की बचत के लिए सामान्य पेट्रोल प्रयोग में लाते हैं लेकिन दून के अधिकतर पंप बिना बताए ग्राहकों के वाहनों में एक्सट्रा प्रीमियम डाल रहे हैं। विरोध करने पर पंप संचालक वाहन चालकों से उलझ रहे हैं। पंप संचालक इसका फायदा सुबह और रात्रि के समय पर उठा रहे हैं।

**जबरन वाहनों में नहीं डाल रहे महंगा पेट्रोल:** डीएसओ केके अग्रवाल ने बताया एक्सट्रा प्रीमियम आयल वैकल्पिक व्यवस्था है। पंप संचालक जबरन वाहनों में महंगा पेट्रोल नहीं डाल सकते हैं। ऐसा करने पर पंप संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
उत्तराखंड पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष मित्तल ने बताया आयल कंपनियां पंप संचालकों को एक्सट्रा प्रीमियम पेट्रोल बेचने का टारगेट दिया जाता है। लेकिन ग्राहकों को बिना बताए वाहन में एक्सट्रा प्रीमियम डालना मनमानी है। एक्सट्रा प्रीमियम डालने से पहले महंगे पेट्रोल के फायदे के बारे में बताना होता है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता, गतिशक्ति, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदाएं (टू-पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है-

| | |
|---|---|
| टैंडर सं./तारीख | SnT-GSU-MB-07-2023-24 dated: 30/10/2023 |
| कार्य का नाम | "Provision of Double Distant in connection with Speed raising in MB-SRE section over Moradabad Division." [मुरादाबाद मंडल पर MB-SRE अनुभाग में गति बढ़ाने के संबंध में डबल डिस्टेंट सिग्नल का प्रावधान] |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 11 (ग्यारह) माह |
| विज्ञापित मूल्य (₹) | ₹17,85,77,545.84/- (सत्रह करोड़ पिचासी लाख सतत्तर हजार पांच सौ पैतालीस रुपये चौरासी पैसा मात्र) |
| अग्रिम राशि (₹) | ₹10,42,900/- (दस लाख ब्यालीस हजार नौ सौ रुपये मात्र) |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 07.11.2023 से 21.11.2023 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदा दिनांक 21.11.2023 को 15:30 बजे खोली जाएगी। |
| विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | निविदा दिनांक 30.10.2023 से 21.11.2023 को 15:00 बजे तक IREPS के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगी। |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। मैन्युअल निविदाएं स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
सं.: Dy.CSTE/GSU/MB/Publication-07/23-24 दिनांक 30.10.2023 3382/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# साढ़े पांच लाख से अधिक पर्यटकों ने उत्तराखंड के नेचर पार्क का किया दीदार

**टीम एक्शन इंडिया/डोईवाला।**
लच्छीवाला नेचर पार्क का स्वरूप बदलते ही पर्यटकों की भारी तादाद से यह पार्क गुलजार दिखा। अगस्त 2021 में नए स्वरूप में आए इस पार्क का फिर से शुभारंभ हुआ। जिसके बाद से लेकर अब तक यहां 5 लाख 78 हजार 223 पर्यटकों ने इस नेचर पार्क का दीदार किया है, जिससे वन विभाग को चार करोड़ 44 लाख 56 हजार 947 रुपए की बंपर कमाई हुई है। लच्छीवाला नेचर पार्क के नए स्वरूप में आने से पूर्व अगर हम वर्ष 2013-14 से लेकर वर्ष 2017-18 तक की बात करें तो यह मात्र 33 लाख रुपए से लेकर अधिकतम 81 लाख रुपए तक वार्षिक बमुश्किल हो पाती थी। लेकिन अब प्रतिवर्ष करोड़ों में वन विभाग को यहां राजस्व प्राप्त हो रहा है।

**वन विभाग के और विस्तार देने पर पर्यटकों में होगा इजाफा**
अगर वन विभाग यहां पर जल क्रीड़ा के लिए समुचित स्थान को और विस्तार दे तो यहां पर पर्यटकों की संख्या में और अधिक इजाफा हो सकता है। गर्मियों में यहां हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते है। तो वहीं सर्दियों में भी प्रतिदिन यह आंकड़ा पांच से छह सौ के बीच रहता है। जिससे 12 महीने इस नेचर पार्क में पर्यटक लुत्फ उठा रहे है।



**दून के साथ अन्य प्रदेशों के पर्यटकों को करता है आकर्षित**
लच्छीवाला वन विश्राम गृह के समीप लगभग 10 हेक्टेयर भूमि में बसाया नेचर पार्क देहरादून जनपद के साथ ही अन्य प्रदेशों हरियाणा, दिल्ली, पंजाब व अन्य प्रदेशों के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहा है। जिसका लाभ वन विभाग को भी मिला है और वन विभाग के लिए यह नेचर पार्क किसी कामधेनु से काम नहीं है। जिसमें जितनी सुविधाएं बढ़ाई जाएगी उतनी ही आय वन विभाग की लगातार बढ़ती जाएगी। खास बात यह है कि यह नेचर पार्क प्रकृति की सुंदरता को प्रदर्शित करता हुआ रमणीक स्थल है। जहां बच्चों से लेकर बुजर्गों के लिए भी तमाम पर्याप्त संसाधन यहां घूमने के लिए उपलब्ध है।

**गुलजार**

**8 लच्छीवाला नेचर पार्क का स्वरूप बदलते ही पर्यटकों की भारी तादाद से यह पार्क गुलजार दिखा, इस पार्क का फिर से शुभारंभ हुआ**

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या दिनांक | 218-DRM-MB-23-24 Date 30.10.2023 |
| कार्य का नाम | Deployment of Cold weather Patrolman companion for night inspection of track under ADEN/BE. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 21.11.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 37,81,108.80 |
| धरोहर राशि | 75,600.00 |
| टेंडर डीआक्यूमेंट कॉस्ट | 3000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.11.2023 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

टेन्डर न. 74-WI2/3/WA/Publication दिनांक 30.10.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3391/23

# कारगिल बलिदानी कैप्टन अमित सेमवाल की स्मृति द्वार का महापौर ने किया शिलान्यास

## जगन्नाथ भगवान की पूजा-अर्चना कर आश्रम के परमाध्यक्ष परमानंद दास, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद ने यात्रा को किया रवाना

**शिलान्यास**

**8 महापौर ने भूमि पूजन कर कारगिल शहीद कैप्टन सेमवाल की स्मृति में बनने वाले द्वार का शिलान्यास किया**





**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश,** महापौर अनिता ममगांई ने भूमि पूजन कर कारगिल शहीद कैप्टन अमित सेमवाल की स्मृति में बनने वाले द्वार का शिलान्यास किया। वार्ड संख्या 35, 36 के मध्य बलिदानी स्मारक पर बनने वाले स्मृति द्वार के भूमि पूजन से पूर्व महापौर ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर सेनानियों को नमन किया। सोमवार को कारगिल बलिदानी कैप्टन अमित सेमवाल स्मृति द्वार का विधिवत शिलान्यास किया। स्मृति द्वार निर्माण के लिए नगर निगम बोर्ड फंड द्वारा 5 लाख की धनराशि जारी की गई है। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि जिस तरह जवान का लहू देश के काम आता है वह युगों युगों तक याद किया जाता है। इस द्वार का निर्माण भी इस भव्यता ओर मजबूती के साथ किया जायेगा जोकि वर्षों वर्षों तक युवाओं को देश पर अपने प्राणों को न्यौछावर करते वाले अमर बलिदानी कैप्टन अमित सेमवाल की याद दिलाकर उन्हें प्रेरित करता रहेगा। महापौर ने कहा कि बलिदानी अमित सेमवाल आज हमारे बीच नही हैं, लेकिन वे देवभूमि के हर नागरिक के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को देश कभी भुला नहीं पायेगा। उनकी यादें हमेशा राष्ट्र एवं देश के वीर सैनिकों का मार्गदर्शन करते रहेंगी। उन्होंने बोर्ड सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे कार्यकाल में बलिदानी अमित सेमवाल कै स्मृति द्वार का निर्माण हो रहा है। उन्होंने समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्मृति द्वार का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य नगर आयुक्त राहुल गोयल, अधिशासी अभियंता दिनेश प्रसाद उनियाल, स्थानीय पार्षद विपिन पंत, विजय बडोनी, बिरेंद्र रमोला, पुष्पा मित्तल, विकास सेमवाल, तारा दत्त सेमवाल, जयेंद्र पोखरियाल , विजय जुगरान, राजेश कोटियाल, कुलदीप टंडन, सुदीप बिष्ट, पंकज जोशी, राजेश शाक्या, गिरिश रतूड़ी, जनार्दन नवानी आदि मौजूद रहे।

# करवा चौथ से पूर्व सजे धर्मनगरी के बाजार, महिलाओं ने की जमकर खरीदारी

**सजना है मुझे...**

**8 एक नवंबर को मनाए जाने वाले करवा चौथ पर्व को लेकर हरिद्वार के बाजार सज गए हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार।** त्योहारी सीजन की शुरूआत हो गई है। इसके साथ ही धर्मनगरी के बाजार खरीदारों से गुलजार होने लगे हैं। एक नवंबर को मनाए जाने वाले करवा चौथ पर्व को लेकर हरिद्वार के बाजार सज गए हैं। बाजारों में शाम होते ही भीड़ भी उमड़ने लगी है। जबकि दिन में खरीदारी के लिए लोग काम निकल रहे हैं। जगह-जगह मेहंदी के स्टॉल और ब्यूटी पार्लर के साथ ही ज्वेलरी की दुकानों पर तरह-तरह के समान सज गए हैं। पति की लंबी उम्र की कामना के साथ किए जाने वाला करवाचौथ व्रत एक नवंबर को मनाया जाएगा। धर्म नगरी में करवाचौथ पूजा के लिए प्रयोग में आने वाली सामग्रियों का बाजार सज चुका है। महिलाओं ने खरीदारी भी शुरू कर दी है। इससे व्यापारियों में भी उत्साह है। करवाचौथ के दिन सुहागिन महिलाएं साज श्रृंगार के साथ पूरे दिन निर्जला व्रत करतीं हैं। शाम को चांद देखने के बाद पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोला जाता है। व्रत के दिन महिलाओं को पूजा के लिए कई प्रकार की सामग्रियों की जरूरत पड़ती है। इस कारण करवाचौथ का व्यापारियों को भी इंतजार रहता है। ज्वालापुर स्थित सरार्फा बाजार, कटहरा बाजार, गुरुद्वारा रोड, अंसारी मार्केट, रेलवे रोड और आर्य नगर चौक के आसपास के बाजार गुलजार होने लगे हैं। साथ ही चंद्रचार्य चौक, पुराना रानीपुर मोड़ और ऋषिकुल तक दुकानें सजने लगी हैं। इसके साथी कनखल के कृष्ण नगर, चौक बाजार और झंडा चौक सहित आसपास की मार्केट भी त्योहारी सीजन के चलते गुलजार है।

# मंगलौर बसपा विधायक सरवत करीम का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया दुःख



**दुख की घड़ी**

**8 सरवत करीम के निधन पर मुख्यमंत्री सहित बसपा और अन्य नेताओं ने दु:ख व्यक्त जताया**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून। उत्तराखंड** के हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक सरवत करीम अंसारी का सोमवार सुबह दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर कार्यकर्ताओं और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सरवत करीम के निधन पर मुख्यमंत्री सहित बसपा और अन्य नेताओं ने दुःख व्यक्त जताया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलौर विधानसभा सीट से विधायक और बसपा नेता सरवत करीम अंसारी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत सरवत करीम अंसारी के पुत्र से फोन पर बात कर उन्हें ढांढस बंधाया। बसपा विधायक के निधन के की खबर मिलते ही मंगलौर स्थित उनके आवास पर समर्थकों की भारी भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि बसपा विधायक सरवत करीम कई दिनों से बुखार से पीड़ित थे। उनको दिल की बीमारी थी। दो महीने पहले ही उनकी बाईपास सर्जरी हुई थी। दिन में तबीयत खराब होने पर उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया था।

जहां उनका आज सुबह निधन हो गया। इससे पहले वे बसपा से 2012 से 2017 तक मंगलौर विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

# गुप्तकाशी को नगर पंचायत का दर्जा

**गुप्तकाशी।** गुप्तकाशी क्षेत्र के लिए खुश खबरी है। कैबिनेट बैठक में गुप्तकाशी को नगर पंचायत दिए जाने का प्रस्ताव पारित हो गया है। क्षेत्रवासी वर्षों से इसकी मांग कर रहे थे। केदारनाथ धाम का महत्वपूर्ण पड़ाव गुप्तकाशी में छोटा केदार के नाम से विख्यात विश्वनाथ मंदिर के साथ साथ अर्धनारीश्वर मंदिर स्थित है, जिसके दर्शन के लिए प्रतिवर्ष लाखों की तादाद में तीर्थयात्रियों समेत कई अन्य सैलानी भी आते हैं। नगर पंचायत बनने के बाद संबंधित गांवों का ना केवल विकास होगा, बल्कि अतिरिक्त बजट से वर्षों से लंबित समस्याओं का भी निराकरण होगा। क्षेत्र में सड़क, बिजली, पार्किंग, शाखा मार्ग, सोलर लाइट, पेयजल व्यवस्था समेत कई अन्य विकासपरक कार्य हो सकेंगे। पूर्व प्रमुख ममता नौटियाल, मनोज पांडे , रवि पांडे, वचन सिंह, भगत कोतवाल, बिपिन सेमवाल , मदन रावत, समेत क्षेत्र के लोगों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया ।

# फिनोलेक्स कम्पनी से वायर चोरी करने वाला गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार।** पुलिस ने फिनोलेक्स कंपनी से कॉपर की तार चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से चोरी का माल बरामद कर लिया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की कॉपर जिसकी कीमत करीब दस हजार बतायी गयी है, उसको बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। गौरतलब है कि

**काबू**

**8 पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की कॉपर जिसकी कीमत करीब दस हजार बतायी गयी है**

फिनोलेक्स कम्पनी झबरेड़ा के निवासी संबंध में अनीस पुत्र जोगेन्द्र निवासीलाठरदेवा हूंण झबरेड़ा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

## संक्षिप्त खबरें

### त्यौहारों की खुशियां बढ़ाएं: फेविकोल रेलम के जादू के साथ अपने फर्नीचर में जान फूंकें

**देहरादून।** त्योहारों के दिन आ गए हैं और हम अपने घरों की दरो-दीवार को पेंट से सजा रहे हैं और सजावट का सामान बदल रहे हैं तो फर्नीचर को क्यों पीछे छोड़ दिया जाना चाहिए? ज्यादातर मामलों में त्योहारी सीजन के दौरान फर्नीचर को बदलने या पूरी तरह से नया लुक देने को नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि इसे महंगा, बोझिल और अस्त-व्यस्त करने वाला माना जाता है। हालांकि, आपके घर का सामान भी एक ताजा लुक का हकदार है और वह भी बिना किसी परेशानी के, शोर और धूल के! फेविकोल रेलम के साथ, फेस्टिव सीजन में अपने फर्नीचर को नया रूप देना एक परेशानी मुक्त प्रेक्टिस बन जाता है।

फेविकोल रेलम का उपयोग करके, अब आप लैमिनेट पर लैमिनेट चिपका सकते हैं और इस प्रकार फर्नीचर रेनोवेशन प्रोसेस को आसान बना सकते हैं। फेविकोल रेलम एडहैसिव कुछ घंटों में इंस्टेंट पकड़ और प्रोसेसिंग स्ट्रेंथ देता है। इसमें कोई गंध नहीं है. इसका उपयोग करना आसान है और उपयोग से पहले इसको अच्छी तरह से मिक्स करने की भी जरूरत नहीं होती है। फेविकोल रेलम यह सुनिश्चित करता है कि लैमिनेट आसानी से चिपक जाए और बिना किसी गड़बड़ी के एक प्रोफेशनल फिनिश दे। फेविकोल रेलम का उपयोग करके, कोई सीधे पुराने लैमिनेट पर नया लैमिनेट चिपका सकता है और रातों-रात पुराने फर्नीचर का लुक बदल सकता है, जिससे वे वाइब्रेंट और स्टाइलिश दिखेंगे। फेविकोल रेलम, एडहैसिव सॉल्यूशंस में एक विश्वसनीय नाम, आपके फर्नीचर को बदलने के लिए कई संभावनाएं प्रदान करता है। चाहे आप अपने पुराने किचन कैबिनेट और अलमारी को आधुनिक टच देना चाहते हों या एक थकी हुई दिखने वाली कॉफी टेबल को सजाना चाहते हों, फेविकोल रेलम एक विश्वसनीय और उपयोग में आसान सॉल्यूशन प्रदान करता है।

### विज्ञापन ने ब्रांड की छवि को नुकसान पहुंचाया

**देहरादून।** इमामी एग्रोटेक लिमिटेड - इमामी समूह की खाद्य तेल और खाद्य शाखा - इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, एडवांस और मंत्रा ब्रांड नाम के तहत खाना पकाने के तेल, सोया चंक्स और मसालों की एक श्रृंखला के निर्माण, बिक्री और मार्केटिंग में लगी हुई है।कंपनी ने मैरिको लिमिटेड के स्वामित्व वाले ब्रांड सफोला सोया चंक के विज्ञापन दावे के खिलाफ पश्चिम बंगाल में हावड़ा सिविल कोर्ट में अपील की थी।इमामी एग्रोटेक ने तर्क दिया कि मैरिको सफोला सोया का विज्ञापन भारतबोरशे सोंब्चेये नाराम र सुसाडु सोया (बंगाली) के रूप में कर रहा है, जिसका अनुवाद भारत में सबसे नरम और स्वादिष्ट सोया है।इमामी एग्रोटेक ने तर्क दिया है कि सफोला का उक्त विज्ञापन न केवल उनके सोया चंक्स बल्कि पूरे भारत में अन्य सोया उत्पादों को गुमराह करने वाला, अपमानजनक और नीचा दिखाने वाला है।

### वित्तीय वर्ष 24 की पहली छमाही के लिए साधना नाइट्रो केम लिमिटेड ने शानदार वित्तीय परिणाम घोषित किए

**देहरादून।** इंटरमीडिएट स्पेशलिटी केमिकल्स में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रमुख मैन्युफैक्चरर, साधना नाइट्रो केम लिमिटेड ने 26 अक्टूबर, 2023 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में 30 सितंबर को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अनऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स को अप्रूव कर दिया है। कंपनी ने हाल ही में घोषणा की, कि साधना नाइट्रो केम लिमिटेड नाइट्रोबेंजीन से पैरा एमिनोफेनॉल बनाने वाला दुनिया का दूसरा प्लांट बना। कंसोलिडेटेड फाइनेंशियल परफॉर्मेंस कम्पैरिजन-फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही बनाम फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही- ऑपरेशन से रेवेन्यू 15 प्रतिशत बढ़ गया,तथा फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 36.53 करोड़ रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 42.01 करोड़ रुपये हुआ, जो स्पेशली हमारे प्रोडक्ट्स विशेषतः ओडीबी2 (ऑन-बोर्ड डायग्नॉस्टिक),के लिए ग्लोबल मार्केट्स में लगातार वृद्धि से प्रेरित है। एबिटा बढ़ गया,जो फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 4.58 करोड़ रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 12.52 करोड़ रुपये हुआ। एबिटा मार्जिन फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 12.42 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 1739 बीपीएस से 29.81प्रतिशत हो गया।

# दूध लेने गए लापता हुए बालक को पुलिस ने ढूंढ़ निकाला



**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार।** घर से बाजार दूध लेने के लिए गए लापता हुए बालक को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ढूढ़ निकाला। पुलिस ने बच्चे को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र निवासी गुड्डू पुत्र राजेंद्र निवासी रेलवे क्वार्टर लक्सर हरिद्वार के मामा का लड़का राकेश (9) 28 अक्टूबर को घर से बाजार दूध लेने के लिए गया था, लेकिन लापता हो गया। बच्चे को काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने चौकी कस्बा बाजार आकर बच्चे के लापता होने की पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस राकेश की तलाश में जुट गई। आसपास के इलाकों में तलाश करने के बाद भी पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने तलाश जारी रखते हुए राकेश को क्षेत्र के बसेरी गांव से सकुशल बरामद कर लिया। राकेश ने बताया कि वह दूध लेने गया था, लेकीं रास्ता भटक जाने के कारण गुम हो गया।

# 'सभी को होनी चाहिए कानून की सामान्य जानकारी'

**शिविर**

**8 सामान्य जानकारी के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवम जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है**




**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार।** लक्सर के ग्राम सेठपुर के प्राइमरी राजकीय विद्यालय में आज निर्बल निर्धन विधि सहायता समिति के सौजन्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला जजी हरिद्वार के सहयोग से वरिष्ठ अधिवक्ता, समिति अध्यक्ष राजेश कुमार रस्तौगी एडवोकेट की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन तहसील विधिक सेवा समिति के सचिव, सिविल जज, अनुराग त्रिपाठी ने किया। अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक व स्कूली बच्चों को कानून की सामान्य जानकारी के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवम जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि न्याय सबको मिलना चाहिये, खासकर बच्चों पर परिवार व जिम्मेदार लोगों द्वारा विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये। बाल अपराध पर कोतवाली लक्सर के एसएसआई मनोज गैरोला ने कहा कि गांव का कोई भी बच्चा यदि अपने आप को जरा सा भी असहज महसूस करता है या बच्चे को कोई लालच देकर कुछ गलत करना चाहता तो बच्चे को अपने परिवार को जरूर बताना चाहिये। लक्सर पुलिस ने बाल अपराध रोकने के लिए विशेष अभियान चला रखा है। लक्सर के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी भूप सिंह एडवोकेट ने 125 सीआरपीसी की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित वृद्ध मां-बाप भी अपनी संतान से भरण पोषण भत्ता प्राप्त करने के अधिकारी हैं। शिविर में बच्चों को कापियां और ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निशुल्क कानूनी किताबों का वितरण किया गया। स्कूल की भोजन माताओं को कंबल वितरण किये गये। निर्बल निर्धन विधिक सहायता समिति के तहसील अध्यक्ष, अधिवक्ता अवनीश सैनी ने आभार जताया। इस अवसर पर अधिवक्ता दिनेश कुमार, अधिवक्ता नीरज सागर, प्रधानपति मोनिंदर सिंह, अजित सिंह, पूर्व प्रधान चौधरी धर्मपाल सिंह, पूर्व सैनिक कश्मीर सिंह, मास्टर सलीम, अध्यापिका मधु मालती, सत्यपाल सैनी, संदीप पारासर, वेदपाल सैनी आदि ने मुख्य अतिथि का माल्या अर्पण कर स्वागत किया।

# नगर भ्रमण के बाद ऋषिकेश को रवाना हुई छड़ी यात्रा

**पूजा-अर्चना**

**8 तारापीठ मंदिर आदि में पूजा अर्चना कर 1 नवंबर से अपने प्रथम चरण की यात्रा विधिवत प्रारंभ करेगी**

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार उत्तराखंड के** समस्त पौराणिक तीर्थों की यात्रा पर प्रस्थान करने वाली श्री पंचदश नाम जूना अखाड़े की पवित्र छड़ी सोमवार को शुभ मुहूर्त में सिद्ध पौराणिक पीठ माया देवी मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात श्यामपुर कांगड़ी स्थित श्री महंत मछंदरपुरी के आश्रम में मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर पहुंची, जहां गोकर्ण पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री महंत कपिल पुरी महाराज, महामंडलेश्वर कमल पुरी महाराज, महेश पुरी, शैलेंद्र गिरि, पवनपुरी की उपस्थिति में छड़ी का स्वागत किया गया। आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज, परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री हरि गिरि जी महाराज ने पवित्र छड़ी की पूजा अर्चना कर मनोकामना श्री हनुमान जी की स्तुति व स्वस्तिवाचन के साथ पुष्प वर्षा कर पवित्र छड़ी को उत्तराखंड की यात्रा के लिए रवाना किया। श्री महंत मछंदरपुरी आश्रम श्यामपुर से पवित्र छड़ी भूपतवाला गोकर्ण धाम पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद रात्रि विश्राम के लिए ऋषिकेश स्थित तारापीठ मंदिर पहुंची। पवित्र छड़ी के पहुंचने पर तारापीठ के पीठाधीश्वर श्री महंत संध्या गिरी ने पवित्र छड़ी को रात्रि विश्राम के लिए विधि विधान से मंदिर में स्थापित किय हरि गिरि महाराज ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मंगलवार को छड़ी ऋषिकेश के पौराणिक तीर्थ माया कुंड, त्रिवेणी संगम, भरत मंदिर, तारापीठ मंदिर आदि में पूजा अर्चना कर 1 नवंबर से अपने प्रथम चरण की यात्रा विधिवत प्रारंभ करेगी।

# सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ बीएचईएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार** सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने उद्देश्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीएचईएल हरिद्वार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक चलने वाले इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह की विषयवस्तु है भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रभारी) सीएफएफपी वीके रायजादा ने मुख्य प्रशासनिक भवन परिसर में कार्यरत बीएचईएल कर्मियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलवाई। साथ ही उन्होंने सभी कर्मचारियों को अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता तथा निष्ठा लाने के लिये सतर्क रहने का संदेश दिया।

**शुभारंभ**

**8 5 नवम्बर तक चलने वाले इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह की विषयवस्तु है भ्रष्टाचार का विरोध करें**

शेष सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागाध्यक्षों के माध्यम से कार्यस्थल पर प्रतिज्ञा ली। कर्मचारियों की अभिप्रेरणा हेतु कार्यक्रम में राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री तथा मुख्य सतर्कता आयुक्त के संदेश भी पढ़े गये।

# कैबिनेट मंत्री ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश क्षेत्रीय** विधायक और कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने पवित्र धाम केदारनाथ के दर्शन कर प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली, उन्नति और आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफलतम आयोजन के लिए कामना की। सोमवार सुबह मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल बाबा केदार के दर्शन को बाबा के धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा केदार की विधिवत पूजा अर्चना की और दिसंबर माह में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफलतम आयोजन के लिए बाबा केदार से प्रार्थना की। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि दिसंबर में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल होने से राज्य में हर क्षेत्र में काम होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश करने वाले उद्योगपतियों व निवेशकों में राज्य के 70 प्रतिशत युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान उनके पुत्र पीयूष अग्रवाल और पुत्रवधू डॉ. अर्श भी थीं।

# एनसीईआरटी का सार्थक कदम

## संपादकीय

### संवाद का गलियारा कायम रखना जरूरी

**वैश्विक** स्तरपर तृतीय विश्व युद्ध की चाबी रूस- यूक्रेन हमास-इजरायल युद्ध को देखते हुए पूरी दुनियां की नजरे चीन विदेश मंत्री की 26-28 अक्टूबर 2023 तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा पर लगी हुई थी, जिसमें अमेरिका विदेश मंत्री और राष्ट्रपति की मुलाकात का शेड्यूल फिक्स था, इससे दुनियां में कयास लगाए जा रहे थे कि नवंबर 2023 में सेंट फ्रांसिस्को में आयोजित होने वाले एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच (एपीसीईपी) के शिखर सम्मेलन या इसके पूर्व या बाद में अमेरिका चीन राष्ट्रपतियों के बीच एक शिखर वार्ता का रास्ता निकाला जाए ताकि खटास को किनारे करने के रास्ते में आगे बड़ा जाए और विश्व शांति केप्रतीक बने, परंतु इस शिखरवार्ता का सबसे बड़ा बाधक ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच जारी विवाद है और अभी हमास इजरायल युद्ध में संयुक्त राष्ट्र में पारित युद्ध विराम प्रस्ताव जो 120/ 14 मतों से पारित हुआ है और 45 वोट नहीं पड़े जिसे अमेरिकी सहित मित्र देशों ने विरोध में मत दिया और चीन पाकिस्तान सहित मित्र देशों ने इसके पक्ष में मत दिया, परंतु इजराइल ने इस युद्ध विराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और 28 अक्टूबर 2023 को देर रात्रि से जमीनी हमले शुरू हो गए हैं चूंकि चीन विदेश मंत्री द्वारा तीन दिवसीय यात्रा समाप्त कर आज दोनों देशों के राष्ट्रपतियों की संभावित शिखरवार्ता की राह आसान नहीं का बयान देकर अमेरिका सहित दुनियां को भौचक का कर दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका चीन के बीच कई मुद्दों पर मतभेदों के बावजूद संवाद का गलियारा कायम रखना दोनों देशों के लिए अति फायदेमंद है। साथियों बात अगर हम अमेरिका दौरा पूरा कर चीन विदेश मंत्री के बयान की करें तो, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच संभावित मुलाकात को लेकर चीन की ओर से बड़ा बयान सामने आया है। चीन के इस बयान से अमेरिका भी भौचक्का रह गया है। चीन के विदेश मंत्री का मानना है कि शी चिनफिंग और जो बाइडन की संभावित बैठक की राह आसान नहीं होगी। सकारात्मक नतीजों की उम्मीद भी बेहद कम है। चीनी विदेश मंत्रालय के इस बयान के बाद आगे क्या होगा, इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। मगर तनाव के बीच दोनों ही देशों को अपने रिश्ते सुधारने में फायदा दिख रहा है। चीन के अनुसार नतीजों तक पहुंचने के लिए दोनों पक्षों को मिलकर काम करना होगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। चीन के विदेशमंत्री ने अपनी तीन दिवसीय वाशिंगटन यात्रा के दौरान बाइडन के साथ-साथ अमेरिकी विदेशमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से भी मुलाकात की थी।दोनों पक्ष ने इस दौरान सैन फ्रांसिस्को में नवंबर में आयोजित हो रहे एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच (एपीईसीएफ) के शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक को लेकर काम करने पर सहमति जताई। चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में अमेरिकी रणनीतिक समुदाय के सदस्यों से हुई चर्चा का सारांश दिया गया। वांग ने कहा कि द्विपक्षीय बैठक की राह आसान नहीं होने वाली है और उन्हें इसके होने के लिए स्वतः होने के भाव पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।



-आशीष वशिष्ठ

> "वह भी अंग्रेजियत से जुड़ने की कोशिश करता है। इससे जो नुकसान हुआ उसका आकलन करना बेहद कठिन है किंतु समय आ गया है जब शिक्षा, कला, साहित्य और संस्कृति का भारतीयकरण किया जाए। एनसीईआरटी द्वारा इस दिशा में शुरू किए गए प्रयास को व्यापक समर्थन मिलना चाहिए क्योंकि इसका उद्देश्य भावी पीढ़ी के मन में भारतीयता के प्रति आदर का भाव उत्पन्न करना है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि एनसीईआरटी द्वारा अपनी किताबों में देश का नाम इंडिया को जगह भारत लिखने की सिफारिश एक सार्थक कदम है"

**समय-समय** पर राष्ट्रीय शैक्षिक और अनुसंधान परिषद यानी एनसीईआरटी अपने पाठयक्रम में बदलाव करती रही है। जिसके कारण एनसीईआरटी पर कई बार सवाल भी खड़े होते रहे हैं। एनसीईआरटी ने एक बार फिर अपने पाठयक्रम में बदलाव किया है। एनसीईआरटी द्वारा अपनी किताबों में देश का नाम इंडिया को जगह भारत लिखने की सिफारिश की है। एनसीईआरटी पैनल के सभी एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों में इंडिया को भारत से बदलने के प्रस्ताव को इसके सदस्यों से सर्वसम्मति से मंजूरी मिल गई है। ऐसे में जल्द ही एनसीईआरटी कि किताबों में इंडिया की जगह भारत लिखा नजर आ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडिया के अलावा एंशिएंट हिस्ट्री की जगह किताबों में क्लासिकल हिस्ट्री को भी शामिल किए जाने की संभावनाएं हैं। साथ ही समिति ने हिंदू योद्धाओं की बीरगाथाओं को भी किताब का हिस्सा बनाने का सुझाव दिया है। वास्तव में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम में विषयों के नाम बदलने की प्रक्रिया चल रही है। विशेषज्ञों के साथ ही राज्यों से भी इस बारे में राय ली गई है जिनमें से कुछ ने बदलाव के प्रति असहमति व्यक्त की है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने कश्मीरी पंडितों के नरसंहार जैसी घटनाओं को पाठ्यक्रम में रखे जाने की पिछली सरकार की सिफारिश वापस ले ली। वहीं अनेक गैर भाजपा शासित राज्य सरकारें अंधविश्वास से बचने की पक्षधर हैं तो कुछ संतुलन बनाए रखने की हिमायती हैं। एनसीईआरटी पैनल की सिफारिश उस वक्त की गई है, जब सियासी हलको में इंडिया नाम को बदलकर भारत रखने पर राजनीतिक चचाएं जोरों पर हैं। इंडिया से बदलकर भारत नाम रखे जाने की सुगबुगाहट बीते महीने सितंबर में तब शुरू हुई जब जी20 के आयोजन के दौरान भारत की राष्ट्रपति के नाम से भेजे गए निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की बजाए प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया था। एनसीईआरटी के इस कदम से देष में फिर एक बार इंडिया बनाम भारत का विमर्ष षुरू हो गया है। एक वर्ग इस बहस को औचित्यहीन मानता है तो वहीं दूसरा तबका इस कदम का स्वागत कर रहा है। इस पक्ष का यह कहना है कि यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था। पूर्व की सरकारें ऐसा नहीं कर पाई बीजेपी की




सरकार ने इसे करने का बीड़ा उठाया है। एनसीईआरटी के निर्णय का स्वागत और समर्थन करने वालों का यह भी कहना है कि इंडिया और भारत से किसी को कोई आपत्ति नहीं होना चाहिए संविधान में दोनों शब्दों का इस्तेमाल किया गया है लेकिन ब्रिटिशों द्वारा दिया गया नाम अगर बदल गया है तो इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इंडिया की जगह भारत बहुत पहले कर देना चाहिए था लेकिन यह नहीं हुआ अब हुआ है इसका इसलिए हम स्वागत करते हैं।। इसमें दो राय नहीं हैं कि पाठ्यक्रम की वस्तु का धर्मनिरपेक्षता के पैरोकारों ने जमकर सत्यानाश किया। दूसरा नुकसान अंग्रेजियत में डूबे तबके के हाथों हुआ। दुर्भाग्य से आजादी के बाद कम्युनिस्ट विचारधारा के चुनिन्दा लोग शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में घुस आए जिन्हें जवाहर लाल नेहरू ने प्रोत्साहित किया जो खुद सोवियत संघ की साम्यवादी क्रांति से प्रभावित थे। इसके अलावा विदेशों में शिक्षित लोग शिक्षा-शास्त्री बनकर सिस्टम में बैठ गए और ज्ञान विज्ञान का सारा श्रेय पश्चिम को देते हुए अंग्रेजी को प्रगतिशीलता की निशानी बना दिया। इस वजह से भारत के इतिहास, पौराणिक ग्रंथों, महानायकों और उपलब्धियों पर उपेक्षा की धूल डाली जाती रही। भारत के महान साहित्यकारों, कलाकारों और उनकी कलाओं को नजरंदाज किया जाने लगा। देश के लिए अपना सर्वस्व दांव पर लगाने वाले महाराणा प्रताप की बजाय अकबर को महान बताया जाने लगा। गुलाम मानसिकता के प्रतीक चिन्ह मार्ग देश की राजधानी में बाबर हुमायूँ औरंगजेब के नाम पर बनाए गए। प्रशासन में भी भारतीय संस्कृति को पिछड़ेपन से जोड़कर देखने वाले कथित आधुनिक भर गए। वर्तमान दुर्दशा की सबसे बडी वजह षिक्षा व्यवस्था और पाठयक्रम ही है जिसने हमारे इतिहास और संस्कृति के गौरवशाली पक्ष पर परदा डालते हुए निराशाजनक पहलुओं को उभारने का प्रयास किया। सल 2014 में केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद नई शिक्षा नीति पर काम शुरू हुआ और अब जाकर पाठ्यक्रम में सकारात्मक बदलाव और सुधार किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। प्राचीन ग्रंथों पर तमेमंतबी ूवता को यदि प्रोत्साहन और संरक्षण दिया गया होता तो युवा पीढ़ी को पश्चिम से प्रभावित होने से रोका जा सकता था। लेकिन ब्रेन ड्रेन का जो सिलसिला आजादी के बाद शुरू हुआ उसे रोकने के लिए सार्थक प्रयास कभी हुए ही नहीं क्योंकि हमारे नीति नियंता भारतीयता को लेकर हीन भावना से ग्रसित रहे। उस दृष्टि से एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम और पुस्तकों का भारतीयकरण किया जाना 21 वीं सदी को भारत के नाम लिखने के लिए बहुत जरूरी है। हजारों साल पहले भारत में विज्ञान और तकनीक का जो विकास हुआ वह उन मंदिरों में देखा जा सकता है जिनकी अभी तक उपेक्षा होती रही। आजकल भारत की प्राचीन स्थापत्य और वास्तु कला के सैकड़ों ऐसे स्मारकों की जानकारी आ रही है जिनके सामने ताजमहल तुच्छ है। उनके निर्माण में जिस इन्जीनियरिंग कौशल और खगोलीय ज्ञान का उपयोग किया गया उसे देखकर पश्चिम के वैज्ञानिक भौचक रह जाते हैं किंतु हमारे देश में मुगल इतिहास और वामपंथी विचारधारा से प्रभावित शिक्षा शास्त्रियों को वह सब महत्वहीन प्रतीत होता है।

हमारे पौराणिक ग्रंथों में जिन प्रसंगों का विवरण है उनका समुचित अध्ययन कर ईमानदारी से तमेमंतबी की जाए तो ये साबित किया जा सकता है कि आज पश्चिम जिन बातों के आधार पर खुद को श्रेष्ठ समझता है वे सब भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न अंग रहीं। लेकिन कालांतर में राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के कारण राष्ट्र के व्यापक हितों को उपेक्षित किए जाने से हमारी सीमाएं असुरक्षित हुई जिससे विदेशी लुटेरों के हमले होने लगे जो भारत की संपन्नता के किस्से सुनकर लूटपाट करने आते और लौट जाते। धीरे- धीरे उन्हें लगा कि यहां के शासक संकीर्ण मानसिकता के शिकार हैं जिसने उनको बार-बार आने के अवसर दिए।अंततः वे यहां राज करने के इरादे पाल बैठे जिससे सैकड़ों वर्षों के लिए गुलामी ने हमें जकड़ लिया। उसी का दुष्परिणाम प्राचीन ज्ञान विज्ञान, कला और संस्कृति पर विदेशी प्रभाव के रूप में देखा जा सकता है। सन् 1193 में बख्तियार खिलजी नामक एक मुस्लिम आक्रांता ने नालंदा के पुस्तकालय को आग के हवाले कर दिया ताकि हमारी समूची ज्ञान संपदा भस्म हो जाए। इसी तरह मुस्लिम शासकों ने ऐतिहासिक मंदिरों एवं सांस्कृतिक केंद्रों को ध्वस्त किया जिससे भारत को धार्मिक सांस्कृतिक जड़ें नष्ट हो जाएं। अंग्रेजों ने तोड़ फोड़ तो नहीं की किंतु हमारे अभिजात्य वर्ग में भारतीयता के प्रति हीन भावना का बीजारोपण जरूर कर दिया जिसका असर अभी भी स्पष्ट नजर आता है। लिख पढ़ नहीं सकता वह भी अंग्रेजियत से जुड़ने की कोशिश करता है। इससे जो नुकसान हुआ उसका आकलन करना बेहद कठिन है किंतु समय आ गया है जब शिक्षा, कला, साहित्य और संस्कृति का भारतीयकरण किया जाए।
एनसीईआरटी द्वारा इस दिशा में शुरू किए गए प्रयास को व्यापक समर्थन मिलना चाहिए क्योंकि इसका उद्देश्य भावी पीढ़ी के मन में भारतीयता के प्रति आदर का भाव उत्पन्न करना है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि एनसीईआरटी द्वारा अपनी किताबों में देश का नाम इंडिया को जगह भारत लिखने की सिफारिश एक सार्थक कदम है।

## कविता

### कोई कविता नहीं लिखता

सड़क के लिए?
सड़क बेचारी
कभी सुनसान, कभी बियाबान
कभी पथरीले, कभी कटीले,
भीड़ के हादसे को सहते,
मशीनी हाथियों का सैलाब
दर्द सहती, गुमसुम
चलती जाती है,
दर्द की अभिव्यक्ति
किससे कहें, किसकी सुने,
नियति उसकी दर्द झेलना ही है,
किसी को उसके दर्द से क्या दर्द,
हां कभी कोई लहूलुहान,
वक्त का मारा,
हादसों का शिकार
लग कर गले,
बहा जाता है रक्त
और दर्द के दो आंसू
एक अपने लिए और
एक शायद उसी की तरह
जीती और दर्द भोगती
सड़क के लिए,
वह घायल पथिक जानता है
इसका अपना कोई सगा नहीं,
इसे चलते जाना है
सिर्फ चलते जाना है,
सड़क की कोई आत्मा

संजीव
---------

## एकता की मिसाल, वल्लभ भाई बेमिसाल

**योगेश कुमार गोयल**

**गुजरात के** खेड़ा जिले के नाडियाड में 31 अक्टूबर, 1875 को किसान परिवार में जन्मे सरदार वल्लभ भाई पटेल को एकता की मिसाल कहा जाता है। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल ने राष्ट्र की एकता को सर्वोपरि मानते हुए देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर मजबूत और एकीकृत भारत के निर्माण में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। जिस समय देश आजाद हुआ, तब वह कई छोटी-छोटी रियासतों में बंटा था, जिन्हें एकजुट करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था। आजाद भारत को एकजुट करने का श्रेय पटेल की राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता को ही दिया जाता है। भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए सरदार पटेल के इसी अविस्मरणीय योगदान को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 31 अक्टूबर, 2014 से उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई थी। तभी से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को ह्यराष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश की आजादी के उपरांत 500 से भी ज्यादा देशी रियासतों का एकीकरण किया जाना सबसे बड़ी समस्या थी। दरअसल अंग्रेज भारत से जाते-जाते कुटिल चाल चलते हुए करीब 550 देशी रियासतों को खुद ही अपने भविष्य के निर्णय का अधिकार दे गए थे। उसके पीछे उनका उद्देश्य था कि इतनी बड़ी संख्या में रियासतों के स्वायत्त रहते भारत के लिए स्वयं को एकजुट रख पाना बेहद मुश्किल होगा। सरदार पटेल ने अपने ह्यलौहपुरुषह्न व्यक्तित्व का परिचय देते हुए इस गंभीर चुनौती को न केवल स्वीकार किया बल्कि बहुत ही कम समय में बड़ी कुशलता से इतनी सारी रियासतों के एकीकरण का कार्य सम्पन्न कराने में सफल भी हुए। उन्होंने आजादी के ठीक पहले पीवी मेनन के साथ मिलकर कई देशी रियासतों को भारत में मिलाने का कार्य आरंभ कर दिया था। उस समय देशभर में सैकड़ों ऐसी देशी रियासतें थी, जो स्वयं में सम्प्रभुत्ता प्राप्त थी, जिनका अपना अलग झंडा और अलग शासक था। दोनों ने देशी रियासतों के शासकों को समझाया कि उन्हें स्वायत्तता देना संभव नहीं होगा। इसका असर यह हुआ कि केवल तीन रियासतों को छोड़कर बाकी सभी रियासतों-राजवाडों ने अपनी मर्जी से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। हैदराबाद के निजाम ने जब भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण कराया। बहुत विरोध होने पर जूनागढ़ का नवाब भागकर पाकिस्तान चला गया और तब जूनागढ़ भारत में मिला लिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत की विभिन्न बिखरी हुई रियासतों और भू-भागों के एकीकरण में सरदार पटेल के उल्लेखनीय योगदान के कारण ही उन्हें भारत का बिस्मार्क (जर्मन साम्राज्य का प्रथम चांसलर) भी कहा जाता है।

## विचार

### दीपावली पर नेता चुनाओं में व्यस्त, जनता महंगाई की मार से पस्त

इस साल की दीपावली पर महंगाई का असर साफ दिखने लगा है। महंगाई ऐसी कि अन्य सामान की कीमत के साथ ही सब्जी की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। स्थिति यहां तक पहुंच गयी है कि एक किलो सब्जी खरीदने वाला व्यक्ति अब पाव व ग्राम में सब्जी खरीदने को विवश हो गया है। बाजार में हर तरह की हरी सब्जी 40 रुपये प्रति किलो से कम नहीं है। टमाटर साठ रुपये प्रति किलो तो प्याज 100 रुपये के आंकड़े को पार कर गया। परवल व गोभी की कीमत भी 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गयी है। ऐसे में गृहणियों के किचेन का बजट गड़बड़ा गया है। जनता किससे शिकायत करें । हार छोटा बड़ा नेता चुनाओं में व्यस्त है। महज एक साल पहले तक जो आटा 25 से 28 रुपये किलो मिल रहा था, वह अब 35 से 50 रुपये तक मिल रहा है। मेट्रों सिटीज में कई जगह रेट 50 को भी पार कर गए हैं। मीडियम कवालिटी का चावल भी 40 से 48 रुपये पर जा पहुंचा है। बढ़ती महंगाई निम्न आय वर्ग के लोगों (आम आदमी) की आर्थिक कमर तोड़ने लगी है अब इसकी मार डीजल पेट्रोल और रसोई गैस को छूते हुए, अब जनता की थाली तक पहुंच गई है। आलम यह है कि दालों-सब्जियों और मसालों के बाद अब आटा भी गीला हो गया है। मेट्रों सिटीज की बात करें तो आटा करीब 40 फीसदी मंहगा हो गया है, जबकि चावल के दामों में 20 प्रतिशत का तगड़ा उछाल है। इससे थाली की रोटी तो महंगी हुई ही, साथ में आटे से बनने वाली दूसरी चीजों बिस्कुट, ब्रेड वगैरह भी महंगी हो गई है या फिर उनके साइज छोटे हो जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी के दुकानदारों का दावा है कि पिछले तीन महीनों में दाल, चावल और आटे की कीमतें भी 30 से 40 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तुअर दाल फिलहाल 180 से 190 रुपये प्रति किलो है। एक माह पहले यह 150 से 160 रुपये किलो बिक रही थी। अरहर दाल जो 150 रुपये प्रति किलो थी, अब 190 रुपये प्रति किलो बिक रही चना दाल वर्तमान में 190 रुपये प्रति किलोग्राम पर उपलब्ध है और तीन महीने पहले यह 150 रुपये प्रति किलोग्राम पर भी उपलब्ध थी। मसालों में जीरे की कीमत में सबसे ज्यादा 40 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जीरा तीन महीने पहले 45 रुपये का 100 ग्राम बिक रहा था, अब दोगुना होकर 90 रुपये का हो गया है। लाल मिर्च लोगों के आंसू निकाल रही है। कुल मिलाकर महंगाई की मार से लोग परेशान हैं और उनके घर का बजट बिगड़ गया है। कई लोगों को लगता है कि शहरी क्षेत्र होने की वजह से महंगाई सबसे ज्यादा मेट्रों सिटीज में ही है, लेकिन ऐसी बात नहीं है। कृषि प्रधान राज्य उत्तर प्रदेश में भी आम जनता महंगाई से त्रस्त है। यहां पर भी हरी सब्जियों से लेकर खाने- पीने की अधिकांश चीजें महंगी हो गई हैं। अरहर दाल 150 रुपये किलो बिक रही है, जबकि पहले इसकी कीमत 110 से 120 रुपये थी। प्याज लहसुन की कीमत में भी बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अभी लहसुन 180 रुपये किलो बिक रहा है तो प्याज 25 रुपए किलो बिक रहा है। जबकि, एक किलो लाल मिर्च की कीमत 280 से 320 रुपये तक जा पहुंची है। आज महंगाई की मार से आम जनता परेशान होती नजर आ रही है। इस पर अब सब्जियों के दामों में उछाल ने आम लोगों का खाना-पीना तक मुश्किल कर दिया है। कुछ यही हाल पूरे देश का हैं । सब्जियों के दाम आसमान पर हैं, इस पर टमाटर, हरा धनिया और अदरक जैसी रोजाना काम आने वाली सब्जियां महिलाओं ने खरीदना ही बंद कर दिया है। टमाटर 160 रु। पर इठलाता नजर आ रहा है, तो जैसे अदरक 280 रुपए की होकर टमाटर को मुंह चिढ़ा रही है। महिलाओं का कहना है कि सब्जियां इतनी महंगी हो चली हैं कि अब उनकी तरफ देखकर ही तसल्ली कर रही हैं। वहीं उन्होंने सब्जियां बनाना कम कर दिया है।तकरीबन पूरे देश का यही हाल है। टमाटर ने महंगाई की मार झेल रही देश की जनता को एक और झटका लगता दिख रहा है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### अदम्य जिजीविषा की परिणति

**संजीव**

**श्रेष्ठ हो**ने के प्रमुख अवयव' "पराधीन सपने हूं सुख नाही"यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बढ़ने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि "एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं",पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका।

### नागनाथ या साँपनाथ

**डॉ. सुरेश**

चुनावी दिनों में पत्रकार माइक लिए लोगों के मुँह में घुसे रहते हैं। लोग हैं कि सरकार से रूठे रहते हैं। पाँचवां सवाल आया कि नहीं जनता बहू और सरकार सास बनी एक-दूसरे से मुंह फुलाए रहती हैं। जनता सरकार से जवाब की तलाश में अपनी जरूरतों को सवालों के रूप में लिए आँखें बिछाए रहती है।

ऐसे में कोई पत्रकार सवाल पूछ ले तब तो इनका माथा और ठनक जाता है। आजकल टी.वी. स्टूडियो में भौंकने भर से टीआरपी बढ़ाने वाले लोगों के बीच आ जाएँ तो इससे बढ़िया बात और क्या हो सकती है। ऐसे ही दिनों में एक बार एक पत्रकार ने चुनावी नब्ज और रुझान टटोलने के लिए एक बंदे से सवाल करने लगा झ्र मान लीजिए यदि दो दलों के दोनों कैंडिडेट रुपए देते हैं, तो आप किसे वोट देंगे? इस पर बंदे ने मुस्कुराकर कहा - कमाल करते हो। यह भी कोई पूछने वाली बात है। जो सबसे ज्यादा देगा मैं उसी को वोट दूँगा। पत्रकार ने एक और सवाल किया झ्र मान लीजिए दो के बदले तीन कैंडिडेट खड़े हों तब किसे वोट दोगे? इस पर बंदे ने मुस्कुराकर कहा - बहुत सिंपल है। भाई जो ज्यादा देगा मैं उसी को वोट दूँगा। पत्रकार ने इस बार चालाकी भरा सवाल किया झ्र मान लीजिए दस कैंडिडेट खड़े हैं। सभी एक समान राशि देता है, तब आप क्या करेंगे? बंदे ने हल्के से पत्रकार के कान में कहा - कोई बेवकूफ ही होगा जो वोट देने के बारे में सोचेगा। इतना पैसा मिलने पर मैं तो सैर सपाटे पर निकल जाऊँगा।

पत्रकार की हँसी छूट रही थी। जैसे-तैसे उसने खुद को संभाला। उसने पूछा झ्र बिना वोट दिए यह कैसे संभव है?
बंदे ने कहा - पिछले कई चुनावों से मैंने वोट नहीं दिया। फिर भी मेरा वोट कोई न कोई डाल ही देता है। इस तरह सैर सपाटा और वोट दोनों हो जाता है। पत्रकार ने अंतिम सवाल पूछा झ्र क्या ऐसा करने से आपको कभी नहीं लगा कि आपका वोट गलत कैंडिडेट को पड़ गया?
बंदे ने कहा - वोट इसे मिले या उसे क्या फर्क पड़ता है। कोई नागनाथ है तो कोई साँपनाथ।

## न्यूज फ्लैश

### एक्सप्रेस वे पर कार सवार चोरों ने नगदी सहित अंगूठी की चोरी

**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर चार कार सवार अज्ञात चोरों ने सवारी के थैले से 7500 रुपए की नगदी सहित एक सोने की अंगूठी पार कर दी।यह भी दिनदहाड़े तब हुआ जब एक्सप्रेस वे पर पुलिस की कड़ी मुस्तैदी चल रही है। घटना से अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरों व लुटेरों में पुलिस का भय तनिक भी नहीं है। यमुना एक्सप्रेस वे पर वारदातें आम बात हो गई हैं। वहीं तीन शिफ्टों में भी पुलिस एक्सप्रेस वे पर तैनात रहती है मगर लोगों की सुरक्षा राम भरोसे है। जानकारी देते हुए सनक सिंह तांगड़ निवासी जरौली कलां थाना टुण्डला जिला फिरोजाबाद ने बताया कि वह वर्तमान में नौहझील क्षेत्र के शांति निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शल्ल सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त हैं। विद्यालय का अवकाश होने के बाद यमुना एक्सप्रेस वे के बाजना कट से एक प्राइवेट कार में बैठकर अपने घर जा रहा था। रास्ते में कार सवार चारों अज्ञात चोरों पर उनकी हरकतों से उन पर शक हुआ और वह माइल स्टोन 76 पर उतर गये।बैग चेक करने पर बैग से 7500 रुपए नगद व सोने की अंगूठी गायब थी। गाड़ी का नंबर पूरा नहीं पढ़ पाया था। अज्ञात चारों चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। वहीं जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित अध्यापक की तहरीर पर चार अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

### चोरो ने रात्रि में चटकाये ताले

**मथुरा।** कस्बे के छाता बरसाना रोड पर एक मकान में चोरों ने रात्रि में धाबा बोल दिया और मकान में रखें नगदी सहित जेवरातो को चुरा ले गए मकान स्वामी को सुबह पता लगे पर पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मकान स्वामी प्रेमचंद ने बताया कि रात्रि में लगभग एक से दो के बीच चोरों ने घर के अंदर धाबा बोल दिया और घर में रखें लगभग 20 हजार नगदी व लाखो रुपए के चांदी, सोने के आभूषणों को चुरा कर ले गए सुबह होने पर कोतवाली जाकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। छाता इंस्पेक्टर संजीव कुमार दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है जल्दी घटना का खुलासा किया जाएगा

### बांके बिहारी मन्दिर के समीप 3 सांप तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** वृंदावन में सांप तस्करों द्वारा दुर्लभ प्रजाति के सांपों को पकड़कर उनके जहर की अवैध बिक्री करने के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है। मेनका गांधी की एनजीओ पीपल फॉर एनिमल्स की शिकायत पर वन विभाग ने मौके से चार ब्लैक कोबरा और तीन अजगरों को रेस्क्यू कराया है। मामले में 4 लोगों के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मौके से तीन सांप तस्करों को अरेस्ट कर लिया है। पशुओं के लिए काम कर रही संस्था पीपुल फॉर एनिमल (पीएफए) में एनीमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता निवासी नई दिल्ली को सूचना मिल रही थी, कि वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के पास कुछ वन्य जीव तस्कर कोबरा सांपों को पकड़कर उनका जहर निकालकर अवैध तरीके से बेचते हैं और दुर्लभ प्रजाति के अजगर को भी करोड़ों में बेचते हैं। ये लोग चार अजगर और तीन कोबरा सांपों को बेचने को तैयारी में थे। संस्था की टीम ने मौके से पुलिस और वन विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके से तीन सांप तस्करों को अरेस्ट कर लिया। वन विभाग ने उनके कब्जे से चार अजगर और तीन कोबरा सांप बरामद किए हैं।

### धूमधाम के साथ मनाया गया महाराजा अंबरीष जयंती महोत्सव

मथुरा। सोनी समाज सेवा समिति, सोनी समाज युवा समिति, सोनी समाज युवा मित्र मंडल, के संयुक्त तत्वाधान मे मसानी स्थित चित्रकूट में महाराजा अंबरीष जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फरह के चेयरमैन शालिग्राम बटिया ने दीप प्रजलित कर किया। छोटे छोटे बच्चों ने डांस प्रतियोगिता, रंगारंग कार्यक्रम व मेधावी छात्र छात्राओं, अधिकारी व पत्रकारों को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय स्वर्णकार जन जागृति एसोसिएशन छगनलाल वर्मा ने कहा समाज के कार्य में सभी संगठनों को एक साथ आकर समाज के कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। यही समाज की एकता का प्रतीक है। युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ वर्मा ने बताया कि मथुरा के अंदर यह आयोजन वर्ष 2016 से होता आ रहा है इसमें संपूर्ण मथुरा स्वर्णकार समाज के लोग शामिल होते हैं।

# सीएम ने ली हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक

## महेंद्रगढ़ जिला के लिए 26.9 करोड़ की परियोजनाओं को तय अवधि में पूरा करने के

**टीम एक्शन इंडिया / इंद्रजीत सिंह**
**नारनौल । राज्य** सरकार दक्षिणी हरियाणा में लगातार नहरों की क्षमता बढ़ाने का कार्य कर रही है। पानी की कमी से जूझ रहे महेंद्रगढ़ जिला के लिए सरकार ने व्यवस्था की धारा को मोड़कर इस इलाके के पाताल में जा रहे भूजल स्तर को न केवल वहीं पर रोका बल्कि उसे ऊपर उठाने का काम किया है। यह बात मुख्यमंत्री मनोहर



लाल ने आज वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए हुई 55वीं हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक में कही। इस बैठक में उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने जिला महेंद्रगढ़ में अब तक हुए काम के बारे में प्रगति रिपोर्ट दी।
सीएम ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ के लिए 26.9 करोड़ की पांच नई परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। इन सभी परियोजनाओं को एक निश्चित अवधि में पूरा करवाया जाए।
उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का पानी दक्षिणी हरियाणा की नदियों में डालने से जल स्तर में बहुत बड़ा बदलाव आया है। सरकार का लक्ष्य केवल जल स्तर में सुधार ही नहीं है बल्कि लोगों को पानी का समझदारी पूर्वक उपयोग करने की आदत डालना भी है। इसी कड़ी में सरकार मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है।
इस बैठक में एसई राजेश खत्री, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ आशीष मान, एक्सईएन नितिन भार्गव, एक्सईएन अजेंद्रा सुहाग, एक्सईएन आशुतोष यादव, एक्सईएन प्रमोद शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## करवा चौथः पर्व से पूर्व साड़ी पाकर महिलाओं के चेहरों पर तैर गई



**मथुरा।** जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल में पढ़ने वाले गरीब बच्चों की माताओं को भागवताचार्य श्री कृष्ण गौड़ शास्त्री द्वारा 151 साड़ी वितरित कीं। करवा चौथ पर्व से पूर्व साड़ी पाकर महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान आ गई।
जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र पन्ना पोखर पर करवा चौथ त्योहार से पूर्व भागवताचार्य श्री कृष्ण गौड़ शास्त्री के सौजन्य से गरीब एवम जरूरतमंदों 151 महिलाओ को साड़ी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी ने कहाकि कई वर्षों से जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल संस्था निःशुल्क शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से सैकडों बच्चों को शिक्षा संस्कार देने के साथ ही एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों की सफलता पूर्वक पूरा कर रह रही है। उन्होंने जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी संस्था के संचालक सतीश चंद्र

## फर्जी रिपोर्ट लगाकर समस्याओं का निस्तारण बो रहा रंजिश के बीज

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
जमीनी विवाद में हुई देवरिया की वीभत्स घटना ने भले ही आम जनमानस को झकझोर कर रख दिया लेकिन सरकारी मुलाजिमों ने इससे कोई सबक नहीं लिया है। यह घटना किसी से छिपा नहीं है। इसमें कई जाने गईं, कई आला अधिकारी निलंबित भी हुए। मनमर्जी से घर बैठे फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामले को इतिश्री कर लेना इस तरह की घटनाओं के पीछे बड़ी वजह साबित हो रही है। चौमुहां निवासी किसान राजकुमार सिंह का आरोप है कि दबंगों ने उनके खेत का चकरोड बंद कर रखा है। खेत पर जाने का कोई रास्ता नहीं बचा है। 17 जून 2023 को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर सीडीओ ने तत्काल प्रभाव से टीम बनाकर पैमाइश कराने के निर्देश दिए थे। मगर लेखपाल द्वारा 30 जून को फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामले का फर्जी निस्तारण करवा दिया है। पीड़िता का आरोप है कि लेखपाल ने मिलीभगत से गलत रिपोर्ट लगाई गई है। चकरोड के अभाव में उनके खेत की बुवाई, जुताई आदि कार्य सही समय पर संपादित नहीं हो पा रहे है। जिससे उन्हे आर्थिक क्षति भी हो रही है। रोजी रोटी का संकट पैदा हो रहा है। चौमुहां के ही किसान छत्तर सिंह का कहना है कि उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था। पूर्व में यहां कार्यरत लेखपाल ने उनके चक को जाने वाला चकरोड सही कराया था, मगर दबंगों ने कुछ समय बाद फिर चकरोड को अपने खेत में मिला लिया है, कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद चकरोड सही नहीं कराया जा रहा है। उनके खेत का रकवा भी कम हो चुका है। लेखपाल कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। उनको जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। 18 अक्टूबर 2023 को उपजिलाधिकारी एवं तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिए है। मगर लेखपाल ने झूठी रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर दिया है।

### मथुरा के चार शिक्षक लखनऊ में हुए सम्मानित

**मथुरा। राष्ट्रीय** आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्रों की सफलता के लिए उन्हें तैयारी कराने वाले मथुरा जनपद के चार शिक्षकों को लखनऊ में सम्मानित किया गया। शासन द्वारा पत्र जारी कर चारों शिक्षकों को इसके लिए लखनऊ बुलाया था। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में पांच व अधिक छात्रों के चयन वाले विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित करने हेतु उन्हें लखनऊ बुलाया गया था। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा हेतु जनपद मथुरा के नोडल शिवकुमार, एसआरजी मथुरा प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय तिरवाया, विकास खण्ड राया, सह नोडल बृजेश कुमार, एआरपी फरह, सहायक अध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय पिलुआ सादिकपुर ब्लॉक फरह तथा ब्लॉक फरह से ही तेजपाल सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय सनौरा एवं कुमारपाल सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय लुहारा को लखनऊ में 29 अक्टूबर को सम्मानित किया गया।

## शॉपिंग माल से शातिर चोर अनूठे अंदाज में करते थे चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**थाना** गोविंद नगर पुलिस द्वारा रिलायंस स्मार्ट बाजार (शापिंग माल) में चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से चोरी का शत प्रतिशत माल व घटना में प्रयुक्त एक अर्टिगा कार भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक यह एक सु संगठित गैंग है, ये सभी लोग विभिन्न जनपदों में रिलाइन्स के स्मार्ट बाजार (शापिंग माल) में जाकर सामान चोरी करते है तथा घटना में गाड़ी अर्टिका का प्रयोग करते है। गाड़ी की नम्बर प्लेट हटा देते हैं ताकि इन लोगों की नम्बर प्लेट से शिनाख्त नहीं हो सके। इन लोगों द्वारा लगातार भिन्न भिन्न जनपदों में लगातार रिलाइंस के स्मार्ट बाजार को चिन्हित करके चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोविंद



नगर ललित भाटी के मुताबिक दिनेश कुमार पुत्र घनश्याम सिंह निवासी मढौरी थाना नहटौर जिला बिजनौर हाल पता मॉडर्न रेलवे सिटी गिरधरपुर सुनारसी थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर, अभिषेक गुप्ता उर्फ रवि पुत्र राजवीर गुप्ता निवासी कैलाश नगर गांधी चौक थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद हाल मॉडर्न रेलवे सिटी गिरधरपुर सुनारसी थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर, रंजन गुप्ता उर्फ बाबू पुत्र राजवीर गुप्ता निवासी कैलाश नगर गांधी चौक थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद, दीपक यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी कृष्णा नगर बागू विजयनगर थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद, हर्षित सारस्वत पुत्र धर्मेन्द्र सारस्वत निवासी शंकर विहार कॉलोनी फेस दो चिपियाना बुजुर्ग थाना बिसरख जिला गौतमबुद्धनगर हाल पता मकान किराया एचडी शर्मा न्यू पंचवटी निकट भाटिया मोड़ गाजियाबाद थाना कोतवाली घंटाघर जिला गाजियाबाद को सोमवार को गोकुल रेस्टोरेंट के पास से गिरफ्तार किया गया।

## विश्वबंधुत्व एवं वसुधैव कुटुंबकम के संदेश के साथ निरंकारी संत समागम का हुआ समापन

### सद्गुरु माता सुदीक्षा ने समाज एवं परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए भक्ति करने का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौरः**
**संत निरंकारी** आध्यात्मिक स्थल में आयोजित तीन दिवसीय 76वें निरंकारी संत समागम का समापन सोमवार को हो गया। समागम के समापन के साथ ही शाम से ही इसमें भाग लेने पहुंचे भक्तों के जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। भक्त चेहरे पर सकून व आध्यात्मिकता का भाव लिए निजी व सार्वजनिक वाहनों से अपने घरों की ओर लौटते दिख रहे थे। सद्गुरू माता सुदीक्षा ने भी दोनों हाथ जोड़कर भक्तों का आभार प्रकट किया।
समापन के मौके पर सद्गुरु माता सुदीक्षा ने समागम ने भक्तों को समझाया कि समाज एवं परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए हमें भक्ति करनी है। किंतु इसका अर्थ यह बिलकुल भी नहीं कि हम आंखें मूंद कर चलें। हमें तो सदैव जागरुक एवं चेतन रहकर अपने कर्तव्यों को निभाना है।
हर अनुकूल या प्रतिकूल परिस्थिति में जब हम परमात्मा का शुकराना करते चले जायेंगे तो निश्चित रूप से हमारे अंतर्मन में एक ठहराव आयेगा और हम सुकून भरी जिंदगी व्यतीत कर पायेंगे।इससे पूर्व निरंकारी राजपिता ने अपने विचारों में कहा कि सतुगुरु का एक एक भक्त अपने आप में सुकून की परिभाषा होता है। उसका आचरण ही संसार में सुकून पहुंचाने का कार्य करता है। विडंबना यही है कि हम इसे सहज रूप में स्वीकार ही नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि हमारी धारणा यही बन चुकी है कि सुकून जैसी कोई वस्तु है ही नहीं। जब मन में इस तरह की भावना आ जाती है फिर उसकी प्राप्ति एवं उसके अभाव की अनुभूति नहीं रह जाती जिस कारण हम बहुमूल्य दात से प्रायः वंचित रह जाते हैं। जिसके लिए हमें यह मनुष्य तन मिला है। सुकून की प्राप्ति सत्गुरु के द्वारा ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर परमसत्य के निरंतर अहसास से ही सम्भव है।

**कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन**
इसके पूर्व समागम स्थल पर देश-विदेश से आए कवियों ने कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें विभिन्न भाषाओं के कविओं ने अपनी रचना के माध्यम से विश्व बंधुत्व का संदेश दिया।

**बाजार की रौनक अब फिर हो जाएगी सामान्य**
समागम से करीब 15 दिन पहले श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था और अब समापन के कुछ दिनों बाद तक वापस जाना जारी रहेगा। करीब एक माह की इस चहल-पहल ने यहां के बाजारों में रौनक ला दी। ठंड होने की वजह से लोगों ने सबसे ज्यादा खरीददारी कम्बलों की करी।
समापन स्थल के निकट व गन्नौर के बाजारों में कंबल खरीदने के लिए भीड़ लगी रहती थी। 15 दिनों तक गन्नौर व मुरथल में ढाबों व होटलों में स्वादिष्ट भोजन खाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। अब समागम के संपन्न होने के बाद बाजारों की रौनक अब फिर सामान्य हो जाएग।

## सीएनबीसी-आवाज ने 14वें रियल एस्टेट अवॉर्ड्स और सम्मेलन के उत्तर क्षेत्र संस्करण को सफलतापूर्वक आयोजित किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** सीएनबीसी-आवाज ने आरआर काबेल द्वारा प्रस्तुत 14वें सीएनबीसी-आवाज रियल एस्टेट अवाड्र्स और सम्मेलन के उत्तरी क्षेत्र का सफलतापूर्वक समापन किया। आयोजन का उत्तरी क्षेत्र संस्करण 25 अक्टूबर, 2023 को दिल्ली में किया गया। सम्मेलन में, उल्लेखनीय उद्योग जगत के नेता, रियल एस्टेट डेवलपर्स, नीति निमार्ता, विशेषज्ञ और प्रभावशाली व्यक्ति, रियल एस्टेट क्षेत्र के भविष्य को प्रभावित करने वाले नवीनतम रुझानों पर विचार-विमर्श करने और आने वाले वर्षों में इसकी प्रगति में तेजी लाने के लिए रणनीतियों को जानने के लिए एकत्र हुए। इस कार्यक्रम की शुरूआत सीएनबीसी-आवाज और सीएनबीसी बाजार के संपादक अनुज सिंघल के स्वागत भाषण से की गई। उन्होंने कहा, "ये पुरस्कार पिछले 16-17 वर्षों से रियल एस्टेट क्षेत्र में उपलब्धियों को मान्यता देने में आगे रहे हैं। रियल एस्टेट उद्योग हमारे देश के लिए सार्थक महत्व रखते है। एक दशक पहले, रियल एस्टेट क्षेत्र कम अनुकूल प्रतिष्ठा के कारण प्रभावित हुआ था। हालाँकि, पिछले 15 वर्षों में, रियल एस्टेट उद्योग की धारणा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। आज यहां एकत्र हुए व्यक्तियों ने इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस क्षेत्र को अधिक संगठित और सम्मानित क्षेत्र में विकसित करने में अपना योगदान दिया है।" स्वागत भाषण के बाद आरआर काबेल के प्रबंध निदेशक श्रीगोपाल काबरा का विशेष संबोधन हुआ।

## सफोला सोया विज्ञापन पर अस्थायी निषेधाज्ञा का आदेश पारित

**नोएडा।** इमामी एग्रोटेक लिमिटेड - इमामी समूह की खाद्य तेल और खाद्य शाखा - "इमामी हेल्दी एंड टेस्टी", "एडवांस" और "मंत्रा" ब्रांड नाम के तहत खाना पकाने के तेल, सोया चंक्स और मसालों की एक श्रृंखला के निर्माण, बिक्री और मार्केटिंग में लगी हुई है। कंपनी ने मैरिको लिमिटेड के स्वामित्व वाले ब्रांड सफोला सोया चंक के विज्ञापन दावे के खिलाफ पश्चिम बंगाल में हावड़ा सिविल कोर्ट में अपील की थी। इमामी एग्रोटेक ने तर्क दिया कि मैरिको सफोला सोया का विज्ञापन "भारतबोरशेर्सोब्धेयेनारामरसुसाडु सोया") (बंगाली) के रूप में कर रहा है, जिसका अनुवाद भारत में सबसे नरम और स्वादिष्ट सोया है।इमामी एग्रोटेक ने तर्क दिया है कि सफोला का उक्त विज्ञापन न केवल उनके सोया चंक्स बल्कि पूरे भारत में अन्य सोया उत्पादों को गुमराह करने वाला, अपमानजनक और नीचा दिखाने वाला है। इस विज्ञापन ने ब्रांड की छवि को नुकसान पहुंचाया है और बड़े पैमाने पर जनता को गुमराह कर रहा है।

## 'बिना प्रेरणा एप अपलोड किए कोई भी रिपोर्ट मान्य नहीं होगी'

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। प्रेरणा एप** को लेकर जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों को निर्देश जारी किए है जिसमें उनसे हर विद्यालय के निरीक्षण की रिपोर्ट एप के जरिए ही अपलोड करनी होगी। इसके बिना कोई भी रिपोर्ट मानी नहीं जाएगी। निरीक्षण आख्या प्रेरणा एप पर अपलोड किए जाने के बाद ही मान्य होगी। प्राथमिक विद्यालय माधोपुर विकास खंड मथुरा, प्राथमिक विद्यालय दामोदरपुरा विकास खंड मथुरा, न्याय पंचायत स्तरीय प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद, पूर्व माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद, प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद द्वितीय



विकास खंड मथुरा तथा प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन मथुरा तथा स्कूलों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवक्ता तथा अन्य विषयक की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि शिक्षा विभाग में प्रेरणा एप के प्रयोग के लिए अनिवार्यता बढ़ती जा रही है। शिक्षकों को अपनी मौजूदगी के लिए हर हाल में अब इस एप की मदद लेनी पड़ रही है। नई व्यवस्था में हाजिरी से लेकर निरीक्षण तक सब कुछ प्रेरणा एप के जरिए अपलोड करना है। बिना अपलोड किए कोई भी रिपोर्ट मान्य नहीं होगी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट स्कूल औरंगाबाद विकास खंड मथुरा का निरीक्षण प्रेरणा एप के माध्यम से किया। उन्होंने विद्यालय में भौतिक व शैक्षणिक स्तर को जांचा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वहां शैक्षणिक स्तर की जांच करते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा के संबंध में न केवल अध्यापकों से जानकारी ली बल्कि बच्चों से भी जानकारी ली व उनसे अंग्रेजी, गणित व हिंदी आदि विषयों पर सवाल पूछ कर उनके शैक्षणिक स्तर भी जांचा।

## घर के ताले तोड़कर सोने व डायमंड के गहने चोरी करने वाले अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत सीआईए** टू पुलिस टीम ने रिफाइनरी टाउनशिप में प्रोडक्शन मैनेजर के घर के ताले तोड़कर सोने व डायमंड के गहने चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपी रायसिंह व अनिल निवासी बागोली जिला धार, गणपत निवासी रंजीतगढ़ जिला अलीरातपुर व दिनेश निवासी भोपवर जिला धार मध्य प्रदेश से 5 दिन के पुलिस रिमांड के दौरान चोरीशुदा गहने व बर्तन बेचकर हासिल की नकदी में से बचे 70 हजार रूपए बरामद किए। आरोपियों ने चोरी किये चांदी के बर्तन व सोने व डायमंड के गहने 5 लाख रूपए में बेचकर ज्यादातर



पैसे खाने पीने में खर्च कर दिए। रिमांड पूरा होने पर पुलिस ने सोमवार को चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।
सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि थाना सदर में पीटीआर गुप्ता निवासी गोल्गाबाधुला जिला यामन पुडुचेरी हाल पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप ने शिकायत देकर बताया था कि वह आईओसीएल रिफाइनरी में प्रोडक्शन मैनेजर के पद पर तैनात है। 25 जुलाई की शाम करीब 7:30 बजे वह परिवार सहित इलाज के लिए दिल्ली गया था। पड़ोसी ने फोन कर बताया कि आपके मकान के ताले टुटे हुए है व दरवाजे खुले है। उसने मकान पर पहुंचकर देखा अंदर अलमारी के कपड़े बिखरे हुए पड़े थे। मेज के अंदर बनी दराज भी टुटी हुई थी। सामान चेक करने पर 10 किलो चांदी के बर्तन, सोने का 1 मंगलशुत्र, 2 चेन, 8 जोड़ी झुमके, 3 लोकेट, एक चुड़ी, 4 अंगुठी व हीरे की एक जोड़ी झुमकी, लॉकेट व 50 हजार रूपए कैश व स्कूल, कॉलेज के असल सर्टिफिकेट नही मिले। अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर उक्त गहने, नकदी व सर्टिफिकेट चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना सदर में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई थी। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने मामले की जांच व आरोपियों को पकड़ने की जिम्मेदारी सीआईए टू पुलिस टीम को सौंपी थी। पुलिस टीम आरोपियों की पहचान व पकड़ने के लिए भरसकर प्रयासरत थी। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि सीआईए टू पुलिस टीम 25 अक्तूबर को चारों आरोयों को झज्जर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई पुलिस ने आरोपियों को माननीय न्यायायल में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था।

## शाह ने उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन कर पूजा अर्चना की

### विधानसभा सीटों के कार्यकर्ताओं से संवाद कर दिया जीत का मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया/अबाला**
**पार्टी** को जीत दिलाने का माद्दा रखने वाले भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 28 से 30 अक्तूबर को मध्य प्रदेश के तीन दिन के दौरे पर थे। इस धुआंधार यात्रा के दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ मैराथन बैठकें की। उन्होंने 3 दिन में मध्य प्रदेश के 10 संभागों का दौरा कर सभी 230 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से संवाद किया। यात्रा के पहले दिन शाह ने जबलपुर में महाराजा शंकर शाह जी व राजकुमार रघुनाथ शाह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद उन्होंने छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में चुनाव जनसभा को संबोधित किया। बाद में वे जबलपुर में एक बैठक में शामिल हुए और भोपाल और नर्मदापुरम क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। यात्रा के दूसरे दिन शाह ने भोपाल में राजा भोज को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने सागर, रीवा और शहडोल में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बाद में उन्होंने उज्जैन में महाकाल मंदिर में दर्शन किया। यात्रा के अंतिम दिन यानी 30 अक्टूबर को शाह ने ग्वालियर में पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात कर जीत का मंत्र दिया। छिंदवाड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि, "मध्य-प्रदेश में गांधी परिवार, कमलनाथ परिवार और दिग्विजय बंटाधार परिवार का बोलबाला है - ये तीन परिवार कॉंग्रेस पार्टी चलाते है और जहां तीन-तिगाड़ा होता है वहां काम बिगड़ जाता है। " कांग्रेस नेता कमल नाथ को आड़े हाथों लेते हुए अमित शाह ने कहा कि," 350 करोड़ का मोजेरबेयर घोटाला, 2400 करोड़ का ऑगस्टा वैस्ट्लैन्ड घोटाला, 600 करोड़- इफको फर्टिलाइजेर घोटला, 25 हजार करोड़ - किसान कर्ज माफी का घोटाला, 1178 करोड़ - गेहूं बोनस का घोटाला ये सारे घोटाले कमलनाथ से जुड़े हुए हैं, अब वो फिर से मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं।"

ACTION INDIA
एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा ने मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

## सभी को महाराजा अग्रसेन जी के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए: प्रेम चंद गुप्ता प्रधान, वजीरपुर के मरीना ड्रीम बैंक्वट में किया गया अग्रसेन जयंती का आयोजन

















**नई दिल्ली/तीरथ राज**

**दिल्ली** के वजीरपुर स्थित मरीना ड्रीम बैन्कवट में मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा (रजि.) के द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल, मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, मॉडल टाउन के निगम पार्षद विकेश सेठी, धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान गजेन्द्र सोलंकी राष्ट्रीय कवि ने काव्य पाठ भी किया। इस अवसर पर मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेम चंद गुप्ता ने कहा कि सभी को महाराजा अग्रसेन जी के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है।

उन्होंने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि आज का यह कार्यक्रम सर्वसमाज का कार्यक्रम है। इसमें हमने विशेष रूप से ब्राह्मण, वाल्मीकि व अन्य समाज के लोगों के पैरों पर हल्दी लगाकर उनका सम्मान किया है।

इस दौरान मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के मुख्य संरक्षक बृजमोहन गोटे वाले ने सभी को महाराजा अग्रसेन जयंती की बधाई दी और कहा कि आज बड़े ही भव्य रूप में कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। इसके लिए सभा की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान प्रेमचंद गुप्ता ने की:** मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेम चंद गुप्ता ने अपने अनोखे अंदाज में मंच का संचालन किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता भी प्रेम चंद गुप्ता ने की।

**सभा ने ब्राह्मण, वाल्मीकि व अन्य समाज का किया सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा ने ब्राह्मण, वाल्मीकि व अन्य समाज के लोगों के पैरों पर हल्दी लगाकर उनका सम्मान किया।

**कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का पदाधिकारियों ने किया स्वागत:** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव में आये हुए गणमान्य लोगों का सभा के पदाधिकारियों ने भव्य रूप में स्वागत किया और सभा के द्वारा किये जा रहे अन्य कार्यों की भी जानकारी दी।

**भजन सम्राट मुकेश गोयल के भजनों पर झूमें लोग:** कार्यक्रम के दौरान भजन सम्राट मुकेश गोयल ने कार्यक्रम में आये हुए लोगों को अपने मधुर भजनों पर झूमनें पर मजबूर कर दिया। इस दौरान भव्य झांकियां भी निकाली गई।

**अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की:** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कहा कि बड़े ही भव्य रूप में आज मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के द्वारा महाराजा अग्रेसन जयंती मनाई जा रही है। इस भव्य कार्यक्रम के लिए सभा के सभी पदाधिकारियों को बधाई।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेम चन्द गुप्ता, मुख्य संरक्षक बृजमोहन गोटे वाले, मुख्य परार्मशदाता आदेश जैन, महामंत्री अरविन्द जैन, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपप्रधान अजय गुप्ता बॉबी, पवन अग्रवाल, संजीव गोयल (बंटी), रूपक गुप्ता, सुशील जिंदल, महेन्द्र गोयल, रजनीश गुप्ता, आनन्द मित्तल, मुकेश अग्रवाल, संजय गुप्ता, नवीन मित्तल, सुरेश अग्रवाल, विनोद सिंघल, सनातन धर्म मंदिर के प्रधान संजय गोयल, रामलीला कमेटी के प्रधान राजेन्द्र गुप्ता, पंजाबी सभा से निर्भय नरूला, मंजू अग्रवाल, मंजू गोयल, मगन गोयल सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।















